गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अभिभावक -शिक्षक मिलन कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 27 अगस्त 2023 को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के उक्त अकादमीक विभाग के द्वारा अभिभावक शिक्षक मिलन समारोह भूदा परिसर में अवस्थित RUSA सेमिनार कक्ष में आयोजित किया गया I

द्वितीय सत्र : राजनीति विज्ञान विभाग विभाग (11:30 बजे से)

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में 11:30 बजे से राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा आयोजित अभिभावक -शिक्षक मिलन में उक्त विभाग में अध्ययनरत कुल 106 (53-53) की संख्या में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की I सभा को सम्बोधित करते हुए इस अभिभावक - शिक्षक मिलन समारोह के आयोजन के उद्देश्य एवं औचित्य को बतलाया I कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने अभिभावकों समेत विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी, NSS, NCC, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया I प्रो. अमरजीत सिंह (प्रो इंचार्ज, भूदा कैंपस) ने कहा कि छात्र नियमित रूप से क्लास करें और उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाए।इस कार्यक्रम में सम्मिलित अभिभावकों एवं छात्रों ने विभाग द्वारा उपलब्ध फीडबैक प्रपत्रों पर शैक्षणिक एवं छात्र हित सम्बंधित सुझाव दर्ज किये I उपस्थित अभिभावकों कि ओर कॉलेज में आयोजित शैक्षणिक एवं अन्य क्रिया कलापों के सुदृढ़ एवं सुचारु गतिविधियों की प्रशंसा की, साथ समय समय पर वाद विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने का सुझाव प्राप्त हुआ I विभागाध्यक्ष, डॉ मीना मालखंडी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं अपने सम्बोधन में विभाग के द्वारा शैक्षणिक एवं अन्य क्रियाकलापों सम्बंधित विषयों पर नीतिगत जानकारी दी I इस समारोह में उपस्थित अभिभावकों की ओर से विभाग के द्वारा किये गए इस कार्यक्रम को सराहा गया I विभाग के सह प्राध्यापक डॉ नीता ओझा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया I कार्यक्रम के आयोजन में उक्त विभाग की ओर से प्रो बिशेश्वरी भट्टाचार्जी , प्रो नमिता कुमारी, प्रो सिमरन छाबरा की अहम् भूमिका रही I

इस अवसर पर कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक कुमार,प्रो. दलजीत सिंह, प्रो. सोनू प्रसाद यादव, पुस्तकालयाध्यक्ष सुश्री नुसरत परवीन समेत शिक्षकेत्तर कर्मी - श्री नरेंदर सिंह, श्री सरबजीत सिंह, श्री रंजीत मिश्रा मौजूद थे।

पढ़ाई के साथ खेल-सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सहभागिता जरूरी

- जीएन कॉलेज में शिक्षक-अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन

जीएन कॉलेज में आयोजित समारोह में उपस्थित लोग.

धनबाद. गुरुनानक कालेज में रविवार को शिक्षक-अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह के पहले सत्र में अर्थशास्त्र और दूसरे सत्र में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने संबोधित किया. उन्होंने कहा कि कालेज में नियमित उपस्थिति के साथ खेल, एनएसएस और एनसीसी की सामाजिक गतिविधि और सास्कृतिक गतिविधियों से भी छात्र जुड़ें. पढ़ाई के साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में छात्रों की सहभागिता जरूरी है. अभिभावकों को कालेज में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराने के साथ ही उनसे सुझाव भी लिये गये. प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. साधना सिंह, प्रो. सरिता कुमारी, प्रो. सुचित्रा व छात्र-छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित थे.

अभिभावक-शिक्षक मिलन समारोह

गुरुनानक कॉलेज में रविवार को अभिभावकों को संबोधित करते शिक्षक।

धनबाद। गुरुनानक कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग की अभिभावक-शिक्षक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अर्थशास्त्र विभाग में अध्ययनरत कुल 60 विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने की। उन्होंने कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं तथा आधारभूत संरचनाओं से अभिभावकों को अवगत कराया। कक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति के साथ ही एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स, कॉलेज लाइब्रेरी वह सांस्कृतिक कार्यक्रम में उनकी सक्रिय सहभागिता जरूरी है। प्रोफेसर इंचार्ज भूदा कैंपस प्रो. अमरजीत सिंह ने कहा कि छात्र नियमित रूप से क्लास करें और उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएं। विभाग की प्राध्यापिका प्रो. साधना सिंह ने विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया। विभाग से प्रो. सरिता कुमारी और प्रो. सुचित्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने अभिभावकों समेत विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही कॉलेज लाइब्रेरी, एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया।